भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 15

जिसका उत्तर 20 जुलाई, 2023 को दिया जाना है।

.....

माही नदी के पानी की साझेदारी

15. श्री देवजी पटेल:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान सरकार और गुजरात सरकार के मध्य दिनांक 10.01.1966 को हुए समझौते के पैरा संख्या- 01 के अनुपालन में राजस्थान की ओर सुजलाम सुफलाम नहर का विस्तार करके माही नदी का पानी कडाना बांध के माध्यम से जालोर, सिरोही जिलों को सिंचाई और पेयजल उद्देश्य हेतु आसानी से उपलब्ध कराया जा सकता है;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना की कुल लागत कितनी है और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त परियोजना के तहत कार्य शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)

(क): वर्ष 1979 में अधिसूचित नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (एनडब्ल्यूडीटी) के अंतिम अवार्ड के अनुसार, नर्मदा नदी से माही कमान तक जल आवंटन करने के प्रस्ताव पर सहमति नहीं हुई थी।

(ख) और (ग): उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****